रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01102022-239286
CG-DL-E-01102022-239286

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 232] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 2022/आश्विन 7, 1944
No. 232] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 2022/ASVINA 7, 1944

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 2022

अंतिम जांच परिणाम

केस सं. (एडी-ओआई-14/2021)

विषय: चीन जन.गण. से "ग्लाइसिन" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

फा. सं. 6/14/2021-डीजीटीआर.—समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे यहां "अधिनियम" भी कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण एवं क्षति के निर्धारण हेतु) नियमावली, 1995 (जिसे यहां "नियमावली" या "एडी नियमावली" अथवा "एडीडी नियमावली" भी कहा गया है) के संबंध में।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड और आविद आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (जिन्हें यहां "घरेलू उद्योग" या "आवेदक" या "याचिकाकर्ता" कहा गया है) ने यह दावा करते हे कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयात घरेलू उद्योग को महत्वपूर्ण क्षति पहुंचा रहे हैं, चीन जन.गण. (जिसे यहां "संबद्ध देश" भी कहा गया है) के मूल की अथवा वहां से निर्यातित ग्लाइसिन (जिसे यहां "संबद्ध वस्तु" या "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" कहा गया है)

के आयातों पर पाटनरोधी जांच की शुरुआत करने की मांग करते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें यहां "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन दायर किया है।

2. प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों के आधार पर संबद्ध देश की मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के कथित पाटन की विद्यमानता, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने के लिए और पाटनरोधी शुल्क की राशि की सिफारिश करने के लिए, जो यदि लगाया जाए तो घरेलू उद्योग के कथित क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा, नियमावली के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क के अनुसरण में संबद्ध जांच की शुरुआत करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/14/2021-डीजीटीआर दिनांक 30 सितंबर, 2021 के अनुसार एक पब्लिक नोटिस जारी किया।

ख. प्रक्रिया

3. जांच के संबंध में नीचे वर्णित की गई प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है:

i. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. से आयातों के संबंध में जांच की शुरुआत करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 30.09.2021 को एक अधिसूचना जारी की।

ii. प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश से ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग को जांच शुरुआत अधिसूचना की एक प्रति प्रेषित की और उनसे ए डी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसरण में जांच शुरुआत अधिसूचना के 30 दिनों के भीतर लिखित में अपने विचारों से ज्ञात कराने का अनुरोध किया।

iii. प्राधिकारी ने ऊपर दिए गए नियमावली के नियम 6(3) के अनुसरण में संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, को भारत में उनके दूतावास के जरिए आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति प्रेषित की। आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी, जहां भी अनुरोध किया गया था, ई मेल के जरिए उपलब्ध कराई गई।

iv. नियमावली के नियम 6(4) के अनुसरण में, प्रासंगिक सूचना प्राप्त करने के लिए चीन जन.गण में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को, जिनके विवरण आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे, निर्यातकों की प्रश्नावली भेजी गई:

क. हेबेई डांगहुआ केमिकल ग्रुप

ख. यीचांग जिनशिन केमिकल कं. लिमि.

ग. सीचुआन लेशान फउहा टांगडा एग्रो- केमिकल टेक्नालॉजी कं. लिमि.

घ. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजीकल टेक्नालॉजी कं. लिमि.

ड. हनान एचडीएफ केमिकल कं. लिमि.

च. हेबेई चनचेंग बायोलॉजीकल टेक्नालॉजी कं. लिमि.

छ. शानडांग झेनशिंग केमिकल इंडस्ट्री कं. लिमि.

ज. शीजियाझुआंग जेशिंग अमीनो एसिड कंपनी लिमि.

झ. हेबेई हुआयांग बायोलॉजीकल टेक्नालॉजी कं. लिमि.

ञ. शिनले हुआदा केमिकल कं. लिमि.

ट. झाओकांउटी ग्रेनरे बायोप्रोडक्ट्स कं. लिमि.

ठ. जियांगशी अनसुन फूड इंग्रीडिएंट्स कं. लिमि.

ड. शिजियाझुआंग शिजिंग अमीनो एसिड कं. लिमि.

ढ. नानटांग गुआनग्रोंग केमिकल कं. लिमि.

ण. सुझोऊ योटेक फाइन केमिकल कं. लिमि.

त. हुबेई बाफेंग फर्मास्युटिकल्स एंड केमिकल कं. लिमि.

v. चीन जन.गण. से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातकों की प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

क. हुबेई हुआंगहेग बायोलॉजीकल टेक्नालॉजी कं. लिमि.

ख. गुआनगन चेंगशिन केमिकल कं. लिमि.

vi. प्राधिकारी ने भारत में निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ता/प्रयोक्ता एसोसिएशनों को जांच शुरुआत अधिसूचना की प्रति प्रेषित की, जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे और उन्हें नियम 6(4) के अनुसरण में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने की सलाह दी गई:

क. अभियान मीडिया प्रा. लिमि.

ख. रेनबेक्सी लेबोरेटीरीज

ग. नेस्टर फर्मास्युटिकल्स (इंडिया) प्रा. लिमि.

घ. गुलब्रांडसन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्रा. लिमि.

ड. वाराही प्रमा प्राइवेट लिमि.

च. इनवीट्रोजेन बायो सर्विसेस इंडिया प्रा. लिमि.

vii. निम्नलिखित आयातक/प्रयोक्ता ने जांच की अवधि के दौरान अनुरोध प्रस्तुत किए हैं:

क. ऊनो वेटकेम

viii. विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस जांच के संगत सूचना उपलब्ध नहीं कराई है या प्राधिकारी को उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है, उन्हें असहयोगी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माने जाने का प्रस्ताव किया गया है।

ix. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की गोपनीयता के दावे के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी जरूरी था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार करने का निर्णय किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है, जहां भी संभव था। गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

x. प्राधिकारी ने जांच में भाग लेने वाले सभी पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराए। सभी अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को उनके अनुरोध के अगोपनीय पाठ को सभी पक्षकारों को ई मेल करने के अनुरोध सहित हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई क्योंकि जारी कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सार्वजनिक फाइल भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं थी।

xi. वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि (पीओआई) अप्रैल, 2020- मार्च, 2021 (12 महीने) है। क्षति जांच अवधि में 2017-18, 2018-19, 2019-20 और पीओआई शामिल होंगे।

xii. अनिवार्य समझी गई सीमा तक आवेदकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से अतिरिक्त/पूरक सूचना की मांग की गई। जांच के प्रयोजनार्थ अनिवार्य समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की जांच की गई।

xiii. क्षति रहित कीमत (एनआईपी) उत्पादन की लागत और एडी नियमावली के अनुबंध III और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएएपी) के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तुओं के निर्माण और बिक्री की लागत पर आधारित है। इसे यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि क्या पाटन मार्जिन से कम शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

xiv. वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महा निदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) और डीजी सिस्टम से क्षति अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के सौदावार विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। आयातों की मात्रा और मूल्य की संगणना के लिए इन पर भरोसा किया गया है।

xv. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसरण में, प्राधिकारी ने दिनांक 29.04.2022 को आयोजित मौखिक सुनवाई में, जिसमें बहुत-से पक्षकारों ने भाग लिया था, सभी हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न होने वाली विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वीडियो- कांफ्रेंसिंग के जरिए मौखिक सुनवाई आयोजित की गई थी। उन सभी पक्षकारों से, जिन्होंने मौखिक सुनवाई में अपने विचार व्यक्त किए थे, उनसे मौखिक सुनवाई के दौरान व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध को दायर करने का अनुरोध किया गया ताकि उसके बाद विरोधी हितबद्ध पक्षकार प्रत्युत्तर दायर करने में सक्षम हो सके।

xvi. इस जांच की अवधि के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का, जहां भी संगत पाया गया, इन अंतिम जांच परिणामों में प्राधिकारी द्वारा उल्लेख किया गया है।

xvii. जहां भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की अवधि के दौरान अनिवार्य सूचना जूटाने से इंकार किया है या अन्यथा रूप से अनिवार्य सूचना उपलब्ध नहीं कराई है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर इन अंतिम जांच परिणामों को दर्ज किया है।

xviii. नियमावली के नियम 16 के अनुसरण में, दिनांक 9 सितंबर, 2022 के प्रकटीकरण विवरण के अनुसार ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को जांच के अनिवार्य तथ्यों को प्रकट किया गया और प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई, उन पर प्राप्त टिप्पणियों का इन अंतिम जांच परिणामों में उल्लेख किया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अधिकतर प्रकटीकरण पश्चात अनुरोध उनके द्वारा पहले किए गए अनुरोधों की पुनरावृति मात्र है। तथापि, संगत समझी गई सीमा तक प्रकटीकरण-पश्चात निवेदनों की इन अंतिम जाचं परिणामों में जांच की जा रही है।

xix. इन अंतिम जांच परिणामों में *** गोपनीय आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत की गई और नियमों के तहत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार समझी गई सूचना का प्रतिनिधित्व करता है।

xx. संबद्ध जांच के लिए पीओआई के दौरान प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमरीकी डालर= 75.22 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

4. जांच शुरुआत के स्तर पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

"वर्तमान आवेदन में विचाराधीन उत्पाद "ग्लाइसिन" है। ग्लाइसिन का अंतर्राष्ट्रीय संघ का शुद्ध और एलाइड रसायन ("आईयूपीएसी") नाम 2-एमीनोएसेटिक एसिड है। इसे एमिनो एसिटिक एसिड, 2- एमिनोएथेनोइक एसिड (आईयूपीएसी व्यवस्थित) और अइकोकोल के रूप में भी जाना जाता है। इस जांच के क्षेत्र में किसी भी नाम से ज्ञात "ग्लाइसिन" शामिल है। चूंकि, ग्लाइसिन को शुद्धता या ग्रेडों के विभिन्न स्तरों पर उत्पादित किया जाता है, इसके शुद्धता या ग्रेड के स्तर के आधार पर बहुत से व्यापारिक नाम है जैसे अपरिष्कृत, औद्योगिक, टेक्नीकल ग्रेड, फीड ग्रेड, फूड ग्रेड, यूएस फर्माकोपिया अथवा यूएसपी ग्रेड, आईपी ग्रेड, फूड ग्रेड और फर्मास्युटिकल ग्रेड। इस जांच के दायरे में सभी ग्रेडों के ग्लाइसिन शामिल हैं।

ग्लाइसिन एक आम तौर पर एक श्वेत सामग्री है जो गंधहीन और स्वाद में मीठा पदार्थ है। इसके सूखे रूप में, जोकि ऐसा फार्म है जिसमें इसकी आमतौर पर बिक्री की जाती है, यह एक मुक्त बहने वाला क्रिस्टलीय पदार्थ है, जैसे नमक या चीनी। सभी प्रकार के ग्लाइसिन में एक ही बुनियादी रासायनिक संरचना होती है।

विचाराधीन उत्पाद सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के तहत आता है। ग्लाइसिन एचएस कोड 29224910 के अंतर्गत आता है। तथापि, विभिन्न अन्य एचएस कोड अर्थात 29224990, आदि के अंतर्गत भी पीयूसी का आयात किया जाता है"।

5. जांच की अवधि के दौरान, उचित तुलना के लिए कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) का प्रस्ताव किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों ने पीसीएन पैरामीटरों के संबंध में अपनी टिप्पणियों भी प्रस्तुत की थीं।

6. सभी हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी ने दिनांक 24.04.2022 की संबद्ध जांच में अंतिम पीसीएन कार्य पद्धति जारी की, जैसाकि निम्नलिखित सारणी में नोट किया है:

क्र. सं.	पीसीएन पैरामीटर	पीसीएन विवरण	पीसीएन कोड
1.	ग्रेड	फूड ग्रेड	एफ
2.	ग्रेड	औद्योगिक ग्रेड/ तकनीकी ग्रेड	टी
3.	ग्रेड	फर्मास्युटिकल ग्रेड	पी

7. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 02.05.2022 तक पीसीएन वार सूचना दायर करने का निर्देश दिया था।

ग.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

8. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. संबद्ध जांच में पीसीएन पद्धति क्रिया विधि निर्धारित करने का निर्णय उचित है। प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए पीसीएन के तीन ग्रेडों अर्थात फूड ग्रेड, औद्योगिक/तकनीकी और फर्मास्युटिकल ग्रेड के बीच महत्वपूर्ण कीमत और लागत अंतर है।

ii. चीनी उत्पादक मुख्य रूप से औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन के उत्पादन और निर्यात में संलग्न हैं। संबद्ध जांच में घरेलू उद्योग मुख्य रूप से फूड ग्रेड और फर्मास्युटिकल ग्रेड ग्लाइसिन का उत्पादन और आपूर्ति करता है।

iii. ग्लाइसिन का संबद्ध देश में चार ग्रेडों में विनिर्माण और बिक्री की जाती है अर्थात टेक-ग्रेड (≤98.5%), फूड ग्रेड (98.5%- 101.5%), फीड ग्रेड (98.5%-101.5%) और फर्मास्युटिकल-ग्रेड (99.5%-101.5%)। (≤98.5%) के साथ टेक-ग्रेड का फूड ग्रेड, फीड ग्रेड और फार्मा ग्रेड के लिए एक-दूसरे के स्थान पर प्रयोग नहीं किया जा सकता।

iv. औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड का ग्लाइसिन निम्न शुद्धता वाला होता है और इसे फूड ग्रेड और फर्मास्युटिकल ग्रेड ग्लाइसिन जैसे उच्च शुद्धता ग्रेड वाले ग्लाइसिन से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। उच्च शुद्धता और लाइसेंसिंग जरूरतों के कारण विचाराधीन उत्पाद के फार्मा ग्रेड की लागत उच्च है। औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड को फर्मास्युटिकल ग्रेड या फूड ग्रेड ग्लाइसिन से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता।

v. घरेलू उद्योग का दावा कि ग्लाइसिन के विभिन्न ग्रेडों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है, गलत है। घरेलू उद्योग यह दावा नहीं करता कि मेटल पॉलिशिंग के लिए प्रयुक्त तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन का फार्मा ग्रेड ग्लाइसिन के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। हम प्राधिकारी से यह जांच करने का अनुरोध करते हैं कि क्या समान ग्राहक को बेचे गए विभिन्न ग्रेडों के बीजक के रूप में घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए उदाहरणों में ऐसा कोई उदाहरण शामिल है जिसमें तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन का क्रय किया गया था और इसाक फूड ग्रेड या फार्मा ग्रेड के रूप में प्रयोग किया गया।

vi. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि नॉन-बाइंडिंग कोडेक्स स्टैंडर्ड उसी शुद्धता मानक को दर्शाते हैं जो यूएसपी, आईपी और फूड/फीड ग्रेड के लिए लागू किए जा रहे हैं। यदि घरेलू उद्योग के दावे को कोई और जांच किए बिना पूरी तरह से स्वीकार किया जाता है, तो यह स्पष्ट है कि तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड और फार्मा ग्रेड अथवा फूड ग्रेड ग्लाइसिन के लिए समान मानक लागू नहीं होते।

vii. जैसाकि आवेदकों द्वारा स्वीकार किया गया है, फूड ग्रेड और फार्मा ग्लाइसिन को कम से कम 98.5% शुद्धता की आवश्यकता होती है। तकनीकी ग्रेड 98.5% से कम की शुद्धता ले सकता है और उस मामले में, इसे फूड ग्रेड, फीड ग्रेड और फार्मा ग्रेड के लिए एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग नहीं किया जा सकता।

viii. निम्न शुद्धता वाले ग्रेड उदा. औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड को उच्च शुद्धता वाले ग्रेड उदा. फार्मा ग्रेड के लिए विकल्प के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता। आवेदक शुद्धीकरण प्रक्रिया और उच्च लागत वाली फूड ग्रेड, फर्मास्युटिकल ग्रेड की तुलना भारत में आयात किए जाने वाले निम्न शुद्धता वाले

औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड के साथ कर रहे हैं। यह उच्च पाटन मार्जिन और क्षति को दर्शाएगा जिसके कारण उच्च पाटनरोधी शुल्क लागू किया जाता है।

ix. हेबेई हुआहेंग के निर्यातों में मुख्य रूप से औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन शामिल हैं। यह घरेलू उद्योग के विपरीत है जो मुख्यरूप से फूड और फर्मास्युटिकल ग्रेड ग्लाइसिन का उत्पादन करता है। इसलिए, प्राधिकारी को संबद्ध पाटनरोधी जांच में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए एक पीसीएन-वार तुलना अपनानी चाहिए।

x. घरेलू उद्योग ने अपने अनुरोधों में कोई पीसीएन आधारित सूचना और साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराएं है।

xi. आवेदकों को यह दर्शाने के लिए विस्तृत स्वतंत्र एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला रिपोर्टों सहित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कराने चाहिए कि उनके द्वारा विनिर्मित ग्लाइसिन की विभिन्न ग्रेडों की गुणवत्ता के साथ तुलना की जा सकती है। जो इस समय चीन जन.गण. से आयात किये जा रहे हैं। आवेदकों को दर्शाना चाहिए कि उनके उत्पाद के विनिर्देश चीनी मूल के उत्पादों, के साथ मेल खाते हैं किंतु जाल के आकार, परख, भारी वस्तु, क्लोरीन सामग्री, सल्फेट सामग्री और सुखाने पर हानि तक ही सीमित नहीं है।

ग.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

9. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. प्राधिकारी ने संबद्ध जांच की शुरुआत के स्तर पर सही नोट किया था कि इस जांच के दायरे में किसी भी नाम से ज्ञात "ग्लाइसिन" शामिल है। ग्लाइसिन को शुद्धता अथवा ग्रेडों के विभिन्न स्तरों पर उत्पादित किया जाता है और इसके, इसकी शुद्धता या ग्रेड के स्तर के आधार पर बहुत से व्यापारिक नाम हैं जैसे- अपरिष्कृत, औद्योगिक, तकनीकी ग्रेड, फीड ग्रेड, फूड ग्रेड यूएस फार्माकोपिया- अथवा यूएसपी ग्रेड, आईपी ग्रेड, फूड ग्रेड और फर्मास्यूटिकल ग्रेड। इस जांच के दायरे में सभी ग्रेडों की ग्लाइसिन शामिल है।

ii. सभी ग्लाइसिन ग्रेडों का समान बुनियादी रासायनिक ढांचा है। ग्लाइसिन उत्पादक और ग्राहक, दोनों ही ग्लाइसिन को ऐसा नहीं समझते कुछ विशिष्ट शुद्धता मानकों को पूरा करते हों जिसे अलग पहचाना जा सकता है।

iii. बहुत से उपभोक्ता विभिन्न स्रोतों से समान शुद्धता स्तरों के ग्लाइसिन का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करते हैं। घरेलू उद्योग ने एक ही अंतिम ग्राहक को बेचे गए विभिन्न ग्रेड के इनवॉयस प्रस्तुत किए हैं। यह स्थापित करता है कि संबद्ध वस्तुओं के अंतिम प्रयोक्ता ग्लाइसिन के विभिन्न ग्रेडों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करते हैं। संबद्ध वस्तुओं के सभी ग्रेड तकनीकी और व्यापारिक, दोनों प्रकार से प्रतिस्थापनीय हैं।

iv. संबद्ध वस्तुओं के कथित ग्रेडों के श्रेणियों में सीमांकन करने के कोई मान्यता प्राप्त मानक या विनिर्देश नहीं हैं जैसे फार्मा, फीड, फूड या तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड। घरेलू उद्योग ग्लाइसिन का उत्पादन करने के लिए समान उत्पादन सुविधाओं और प्रक्रियाओं का प्रयोग करता है जिनकी शुद्धता भिन्न-भिन्न हैं। संबद्ध वस्तुओं में शुद्धताओं के विशेष स्तर को कुछ अतिरिक्त शुद्धताकरण कदमों की जरूरत हो सकती है जो अन्य शुद्धता स्तरों के ग्लाइसिन पर प्रयोज्य नहीं हैं।

v. घरेलू उद्योग ने फूड/फीड ग्लाइसिन के लिए ग्लाइसिन यूएसपी, ग्लाइसिन आईपी और कोडैक्स मानकों के लिए प्रबंध प्रस्तुत किए हैं। ग्लाइसिन के लिए सभी गैर-बाध्यकारी मानक समान शुद्धता मानक निर्धारित करते हैं। इसलिए, यह स्पष्ट है कि यदि उत्पादन इकाईयां नामित एजेंसी से प्रमाणीकरण प्राप्त करती हैं, तो यह स्वयं को समान शुद्धता मानकों के साथ 'आईपी' अथवा 'यूएसपी' अथवा 'फूड/फीड' ग्रेड के रूप में व्यक्त कर सकती है।

vi. "तकनीकी ग्रेड" ग्लाइसिन के लिए कानून के तहत या किसी औद्योगिक निकाय द्वारा शुद्धता के लिए कोई अनिवार्य मानक, प्रमाणीकरण नहीं है।

vii. ग्लाइसिन के 'तकनीकी ग्रेड' और अन्य ग्रेडों के बीच लागत में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। सामान्य बोलचाल की भाषा में अधिक अशुद्धताओं वाले ग्लाइसिन अंतिम प्रयोक्ता की जरूरतों के आधार पर अन्य

ग्रेडों और विविधताओं के साथ प्रतिस्थापनीय हैं। अंतिम प्रयोक्ता शुद्धता स्तरों के बीच कोई भेदभाव या असमानता नहीं करता। अंतिम प्रयोक्ता ग्लाइसिन के सभी प्रकारों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करता है।

viii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुएं भारत को चीन जन.गण. से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के समान वस्तुएं हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीयूसी तकनीकी विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्यों और प्रयोगों, कीमत निर्धारण वितरण और विपणन और माल के टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में संबद्ध देश से आयातित वस्तुओं के तुलनीय वस्तुएं हैं। ये दोनों तकनीकी और व्यापारिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और संबद्ध पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एडी नियमों के तहत "समान वस्तु" माना जाना चाहिए।

ix. पीसीएन श्रेणीकरण, जैसाकि प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच में अपनाया गया है, की कोई प्रासंगिकता या आर्थिक महत्व नहीं है। इस संदर्भ में यह अनुरोध किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा बेचे गए ग्रेड तकनीकी और व्यापारिक रूप से परस्पर प्रतिस्थापनीय हैं।

x. दोनों प्रतिभागी निर्यातकों, हेबी हुआहंग बायोलॉजीकल टेक्नालॉजी कंपनी लिमि. और गुआनगन चेंगशिन केमिकल कंपनी ने संबद्ध जांच की शुरुआत के पश्चात पीसीएन श्रेणीकरण के लिए कोई विशिष्ट अनुरोध नहीं किया है। हुबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नालॉजी कंपनी लिमि. ने अपने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर में कोई पीसीएन वार सूचना या साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है। हुबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नालॉजी कंपनी लिमि. ने अपने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर में कहा कै कि ग्रेडों के बीच "महत्वपूर्ण कीमत और लागत अंतर" मौजूद है।

ग.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

10. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद विभिन्न ग्रेडों में उत्पादित और विक्रय किया जाता है जैसे- क्रूड ग्रेड, औद्योगिक ग्रेड, तकनीकी ग्रेड, फीड-ग्रेड, फूड ग्रेड, यूएस फार्माकोपिया या यूएसपी ग्रेड, आईपी ग्रेड, फूड ग्रेड, फर्मास्युटिकल ग्रेड आदि।

11. जांच के दौरान, प्राधिकारी ने ग्रेडों के तीन मुख्य श्रेणीकरण अर्थात औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड, फूड ग्रेड और फार्मा ग्रेड के आधार पर संबद्ध जांच में पीसीएन कार्य पद्धति को निर्धारित किया है। प्राधिकारी ने पीसीएन कार्य पद्धति को निर्धारित करने के लिए अंतिम प्रयोग, उत्पादन की लागत, उत्पादन प्रक्रिया और विभिन्न ग्रेडों की बिक्री कीमत में अंतर को ध्यान में रखा है।

12. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि पीसीएन कार्य पद्धति को अपनाने की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि ग्लाइसिन के विभिन्न ग्रेड उनकी कीमत और लागत के संदर्भ में तुलनीय है। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि ग्लाइसिन के विभिन्न ग्रेडों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है।

13. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने इस बात का विरोध नहीं किया है कि तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन कम शुद्धता का हो सकता है (≤98.5%) और यह कि ऐसे तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन का फूड ग्रेड ग्लाइसिन या फर्मास्युटिकल ग्रेड ग्लाइसिन के स्थान पर प्रयोग नहीं किया जा सकता। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि फूड ग्रेड और फर्मास्युटिकल ग्रेड को उच्च शुद्धता अनिवार्यता को पूरा करना चाहिए जिसका अर्थ है कि ग्लाइसिन को पृथक-पृथक उपभोक्ता विशिष्टताओं को पूरा करने के लिए और अधिक गुणवत्ता परीक्षण से गुजरना पड़ेगा। इसलिए, उच्च शुद्धता वाली ग्लाइसिन का परिणाम तकनीकी ग्रेड ग्लाइसिन की तुलना में उत्पादन की उच्च लागत में और उच्च बिक्री कीमत में होगा। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए इनवॉयसिस भी दर्शाते हैं कि उच्च शुद्धता वाले ग्रेडों की बिक्री कीमत (फूड ग्रेड/फर्मास्युटिकल ग्रेड) की बिक्री कीमत तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड की बिक्री कीमत की तुलना में काफी अधिक है। ऐसी स्थिति में, पीसीएन कार्य पद्धति पीयूसी के विभिन्न ग्रेडों के बीच एप्पल टू एप्पल तुलना को अपनाने के लिए उचित है। इसलिए, प्राधिकारी ने दिनांक 20 अप्रैल, 2022 के नोटिस के अनुसार निर्धारित पीसीएन कार्य पद्धति की पुष्टि करने का निर्णय लिया है।

14. किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा पीयूसी के दायरे से किसी ग्रेड या उत्पाद प्रकार के बहिष्करण के संबंध में कोई दावा नहीं किया गया है। इसलिए, प्राधिकारी निम्नानुसार पीयूसी के दायरे की पुष्टि करने का निर्णय लेते हैं:

"वर्तमान आवेदन में विचाराधीन उत्पाद "ग्लाइसिन" है। ग्लाइसिन का अंतर्राष्ट्रीय संघ का शुद्ध और एलाइड रसायन का ("आईयूपीएसी") नाम 2-एमीनोएसेटिक एसिड है। इसे एमिनो एसिटिक एसिड, 2- एमिनोएथेनोइक एसिड (आईयूपीएसी व्यवस्थित) और अइकोकोल के रूप में भी जाना जाता है। इस जांच के क्षेत्र में किसी भी नाम से ज्ञात "ग्लाइसिन" शामिल है। चूंकि, ग्लाइसिन को शुद्धता या ग्रेडों के विभिन्न स्तरों पर उत्पादित किया जाता है, इसके शुद्धता या ग्रेड के स्तर के आधार पर बहुत से व्यापारिक नाम है जैसे अपरिष्कृत औद्योगिक, टेक्नीकल ग्रेड, फीड ग्रेड, फूड ग्रेड, यूएस फर्माकोपिया अथवा यूएसपी ग्रेड, आईपी ग्रेड, फूड ग्रेड और फर्मास्युटिकल ग्रेड। इस जांच के दायरे में सभी ग्रेड के ग्लाइसिन शामिल हैं।

ग्लाइसिन एक आम तौर पर एक श्वेत सामग्री है जो गंधहीन और स्वाद में मीठा पदार्थ है। इसके सूखे रूप में जोकि ऐसा फार्म है जिसमें इसकी आमतौर पर बिक्री की जाती है, यह एक मुक्त बहने वाला क्रिस्टलीय पदार्थ है, जैसे नमक या चीनी। फूड ग्रेड और फार्मास्युटिकल ग्रेड को ग्लाइसिन को उच्च शुद्धता स्तर को पूरा करना चाहिए जबकि तकनीकी ग्रेड का ग्लाइसिन निम्न शुद्धता स्तर का हो सकता है। निम्न शुद्धता ग्रेड के ग्लाइसिन का उपयोग उन अनुप्रयोगों में नहीं किया जा सकता जिनके लिए फूड ग्रेड और फार्मास्यूटिकल ग्रेड के ग्लाइसिन जी जरूरत होती है।

विचाराधीन उत्पाद सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के तहत आता है। ग्लाइसिन एचएस कोड 29224910 के अंतर्गत वर्गीकृत है। तथापि, पीयूसी को कोड अर्थात 29224990 आदि के अंतर्गत भी आयात किया जाता है"।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और स्थिति

घ.1. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

15. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नानुसार अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग अपनी याचिका के अनुबंध 10 में नोट करते हैं कि कुमार इंडस्ट्रीज संबद्ध वस्तुओं का केवल एक अन्य भारतीय उत्पादक है। घरेलू उद्योग अपनी याचिका में नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान कुमार इंडस्ट्रीज की उत्पादन मात्रा *** मी.ट. प्रति वर्ष रही है। याचिका यह भी नोट करती है कि कुमार इंडस्ट्रीज संबंधित आयातक के जरिए भारत में आने वाले आयातों में शामिल है।

ii. युनाइटेड स्टेट्स ने भारत में ग्लाइसिन के निर्यातों के विरुद्ध अपनी प्रति प्रतिकारी शुल्क जांच में कुमार इंडस्ट्रीज की पहचान भारत से युनाइटेड स्टेट्स को सबसे बड़ें उत्पादक/निर्यातक के रूप में की है।

iii. इस बात की संभावना नहीं है कि कुमार इंडस्ट्रीज संबंधित आयातकों के जरिए महत्वपूर्ण आयातों में सम्मिलित है। यह यूएसडीओसी के निर्णय के विपरीत है जिसमें यह नोट किया गया है कि कुमार इंडस्ट्रीज युनाइटेड स्टेट्स को पीयूसी का सबसे बड़ा निर्यातक है।

iv. अपने संबंधित आयातकों के जरिए कुमार इंडस्ट्रीज द्वारा किए गए आयातों की मात्रा या रेंज को घरेलू उद्योग द्वारा साझा नहीं किया गया है।

v. प्राधिकारी द्वारा घरेलू उद्योग के इस दावे की सावधानीपूर्वक जांच की जानी चाहिए कि कुमार इंडस्ट्रीज एक पात्र घरेलू उत्पादक नहीं है। पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार, प्राधिकारी के पास यह निर्णय करने का विवेकाधिकार है कि क्या भारत में किसी उत्पादक, जो संबद्ध वस्तुओं का एक आयातक भी है, या संबंध वस्तुओं के आयातक या निर्यातक से संबंधित है, को एक पात्र घरेलू उद्योग के रूप में विचार किया जाना चाहिए।

vi. आवेदक उत्पादक, पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमि. ने पीओआई में अपनी संबंधित फर्म के जरिए संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है। पारस इंटरमीडिएट्स ने वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए आयातों की घोषणा उपलब्ध नहीं करायी है। इसके अलावा, कंपनी ने चीन जन.गण. के अलावा अन्य देशों से किए गए आयातों की घोषणा भी उपलब्ध नहीं कराई है। इन तथ्यों के प्रकाश में, पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमि. को घरेलू उद्योग का भाग नहीं समझा जा सकता।

vii. प्राधिकारी द्वारा एक ओर कुमार इंडस्ट्रीज के बहिष्करण और दूसरी ओर घरेलू उद्योग के रूप में पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमि. को शामिल किए जाने के घरेलू उद्योग के दावे का, जिन्हें अन्यथा समान स्तर पर रखा गया है, पुर्नमूल्यांकन किया जाना चाहिए।

viii. घरेलू उद्योग द्वारा उनके द्वारा आयात किए गए ग्रेड के प्रकारों के विवरण और आयातों के कारण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। संबद्ध वस्तुओं के तीन ग्रेड हैं अर्थात फर्मास्युटिकल ग्रेड, फूड ग्रेड और तकनीकी ग्रेड। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि यह संबद्ध वस्तु के सभी ग्रेडों का विनिर्माण करता है। संबद्ध वस्तुओं के आयात किए जाने की जरूरत स्पष्ट नहीं है।

ix. याचिका नोट करती है कि पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमि. द्वारा किए गए आयातों का हिस्सा भारत में कुल मांग के 5% से कम है। प्राधिकारी को भारत में कुल आयातों के प्रकाश में पारस इंटरमीडिएट्स द्वारा किए गए आयातों की जांच करनी चाहिए। यदि, पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमि. ने कुल आयातों के 3% से अधिक आयात किया है तो इसे घरेलू उद्योग के दायरे से बहिष्कृत किया जाना चाहिए।

x. भारत से ग्लाइसिन के निर्यातों पर प्रतिकारी शुल्क लगाने वाले दिनांक 22 जनवरी, 2022 के युनाइटेड स्टेट्स के हाल के नोटिस में आवेदकों और कुमार इंडस्ट्रीज के अलावा, सितंबर, 2018 से दिसंबर, 2019 की अवधि के दौरान भारत में ग्लाइसिन के निर्यातकों के रूप में निम्नलिखित अतिरिक्त हस्तियों की पहचान की गई है:

क) मुलजी मेहता एंटरप्राइजेज

ख) मुलजी मेहता फार्मा

ग) रुद्रा इंटरनेशन

घ) स्टूडियो डिसरप्ट

xi. प्राधिकारी द्वारा यह सत्यापित किया जाना चाहिए कि क्या ये हस्तियां भी ग्लाइसिन के उत्पादन में संलग्न हैं और क्या प्रमुख समानुपात का निर्धारण करने के लिए उनके कुल उत्पादन को ध्यान में रखा गया है।

घ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

16. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. प्राधिकारी ने संबद्ध पाटनरोधी जांच की शुरुआत के समय 'घरेलू उद्योग' के दायरे के भीतर मै. पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमि. को शामिल कर ठीक किया है।

ii. सेंचुरी प्लाईबोर्ड (आई) लिमिटेड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में माननीय गुवाहटी उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार, यह कहा गया है कि प्राधिकारी को ऐसे उत्पादकों को शामिल करने के लिए विवेकाधिकार प्राप्त है जो स्वयं आयातक है (हैं) अथवा 'घरेलू उद्योग' के अर्थों के भीतर पाटित वस्तुओं के निर्यातक अथवा आयातकों से संबंधित हैं।

iii. मै. पास्को ट्रेडर्स, पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की संबद्ध स्थिति को उपेक्षित करने के लिए ग्लाइसिन की छोटी मात्राओं को आयात करने के लिए दबाव डाला गया। आयातों की कुल मात्रा भारत में कुल मांग और कुल आयातों के 5% से भी कम थी। संबंधित आयातक द्वारा किए गए आयात चीन जन.गण से संबद्ध वस्तुओं के कुल आयातों और भारत में इनकी मांग की तुलना में नगण्य हैं।

iv. किसी कथित 3% के बैंच मार्क के आधार पर मैं. पारस इंटरमीडिएट्स को बाहर रखे जाने का पाटनरोधी नियमावली के तहत कोई आधार या सिद्धांत मौजूद नहीं है और इस अनुरोध को सरसरी तौर पर खारिज किया जाना चाहिए।

v. कुमार इंडस्ट्रीज भी भारत में संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक है। कंपनी ने संबद्ध जांच में स्वयं को शामिल न किए जाने के लिए अनुरोध किया है क्योंकि यह बड़े स्तर पर अपने संबंधित आयातकों के जरिए विचाराधीन उत्पाद के आयातों में शामिल है। संबद्ध जांच को आरंभ करने वाले आवेदन में कुमार इंडस्ट्रीज सहित सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों के उत्पादन विवरण उपलब्ध कराए गए हैं। कुमार इंडस्ट्रीज ने याचिका के प्रति अपना समर्थन या विरोध प्रकट नहीं किया है।

vi. प्रत्यार्थियों द्वारा पहचानी गई हस्तियों अर्थात (i) मुलजी मेहता एंटरप्राइजेज, (ii) मुलजी मेहता फार्मा, (iii) रुद्रा इंटरनेशनल और (iv) स्टूडियो डिस्रप्ट, संबद्ध वस्तुओं के निर्यातक हैं। ये कंपनियां संबद्ध वस्तुओं की उत्पादक नहीं है।

vii. कुमार इंडस्ट्रीज की उत्पादन मात्राओं को शामिल किए जाने के बाद भी, आवेदक भारत में ग्लाइसिन के कुल उत्पादन के प्रमुख समानुपात स्थापित करते हैं।

घ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

17. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

" (ख)"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है"।

18. अपने आवेदन में, आवेदकों ने भारत में संबद्ध वस्तुओँ के तीन उत्पादकों की पहचान की है अर्थात (i) पारस इंटर मीडिएट्स प्राइवेट लिमि., (ii)आविद आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड और (iii) कुमार इंडस्ट्रीज। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि इसकी संबंधित हस्तियों के जरिए कुमार इंडस्ट्रीज द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए आयातों पर विचार करते हुए कुमार इंडस्ट्रीज एक पात्र घरेलू उत्पादक नहीं है।

19. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमि. तथा कुमार इंडस्ट्रीज ने चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है और इसलिए यदि पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड को एक पात्र घरेलू उत्पादक समझा गया है तब कुमार इंडस्ट्रीज को भी एक पात्र घरेलू उत्पादक समझा जाना चाहिए और घरेलू उद्योग की स्थिति कुल भारतीय उत्पादन में कुमार इंडस्ट्रीज की उत्पादन मात्रा पर विचार करने के बाद निर्धारित की जानी चाहिए।

20. प्राधिकारी ने पास्को ट्रेडर्स द्वारा किए गए संबद्ध वस्तुओं के आयातों की जांच की है, जो जांच की अवधि के दौरान पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी रही है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पास्को ट्रेडर्स ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं के लगभग *** मी.ट. का आयात किया है। पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की जांच की अवधि के दौरान उत्पादन और घरेलू बिक्रियां क्रमशः *** मी.ट. और *** मी.ट. रहे हैं। तदनुसार, यह नोट किया गया है कि पास्को ट्रेडर्स द्वारा किए गए आयात पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादन के 25-30% की रेंज में है और पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की घरेलू बिक्रियों की तुलना में काफी अधिक हैं। पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी द्वारा संबद्ध वस्तुओं के ऐसे महत्वपूर्ण आयातों को देखते हुए, प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के संदर्भ में संबद्ध वस्तुओं के एक पात्र घरेलू उत्पादक के रूप में पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड पर विचार न करने का निर्णय लिया है।

21. इस अनुरोध के संबंध में कि कुमार इंडस्ट्रीज की उत्पादन मात्रा *** मी.ट. की नहीं हो सकती और यह निर्धारित करते हुए कि क्या दोनों आवेदक घरेलू उत्पादक घरेलू उद्योग में प्रमुख समानुपात हिस्सा स्थापित करते हैं या नहीं, कुमार इंडस्ट्रीज की वास्तविक उत्पादन मात्रा को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कुमार इंडस्ट्रीज भारत में संबद्ध वस्तुओं का एक ज्ञात उत्पादक है। घरेलू उद्योग ने भी अपने आवेदन में यह प्रकट किया है कि कुमार इंडस्ट्रीज संबद्ध वस्तुओं का एक ज्ञात उत्पादक है। तथापि, कुमार इंडस्ट्रीज ने जांच में भाग लेने से इंकार किया है और अपने कुल उत्पादन के संबंध में कोई सूचना भी उपलब्ध नहीं कराई है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं है कि कुमार इंडस्ट्रीज बड़े स्तर पर अपने संबंधित आयातकों के जरिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों में भी शामिल है।

22. यह विचार करते हुए कि कुमार इंडस्ट्रीज ने कोई जानकारी प्रदान करने से बचाव किया है और यह अपने संबंधित आयातकों के जरिए पीयूसी के महत्वपूर्ण आयातों में शामिल है, प्राधिकारी ने यह विचार करने का निर्णय किया है कि कुमार इंडस्ट्रीज पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के संदर्भ में संबद्ध वस्तुओं का एक पात्र घरेलू उत्पादक नहीं है। प्राधिकारी निर्णय देते हैं कि भारत में कुल घरेलू उत्पादन में 100% हिस्सा रखने वाला आविद आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड एक पात्र घरेलू उत्पादक है और पाटन रोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थों के भीतर घरेलू

उद्योग ठहरता है और आवेदकों द्वारा दायर किया गया आवेदन नियमावली के नियम 5(3) के संदर्भ में स्थिति संबंधी मानदंड को पूरा करता है।

ड. गोपनीयता

ड.1. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

23. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध:

i. घरेलू उद्योग की याचिका का अगोपनीय पाठ गोपनीय पाठ की प्रतिकृति नहीं है। यह 2013 के ट्रेड नोटिस 01 के उल्लंघन में है।

ii. निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह जांच करने की जरूरत है कि क्या गोपनीयता के दावे की जरूरत है या नहीं। यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीयता के दावे से संतुष्ट नहीं है तो वह ऐसी सूचना के प्रकटीकरण के लिए अनुरोध कर सकता है।

iii. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित मापदंडों के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है:

क. आवेदकों और अन्य भारतीय उत्पादकों की उत्पादन मात्रा के विवरण

ख. अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन संबंधी सूचना का स्रोत

ग. सभी अन्य उत्पादकों द्वारा उत्पादन का कुल डाटा

घ. भारत में कुल घरेलू उत्पादन का विवरण

ड. कुल घरेलू उत्पादन में आवेदक उत्पादकों और अन्य उत्पादकों का हिस्सा

च. कुल घरेलू उत्पादन में अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा धारित प्रतिशत हिस्से की रेंज

छ. पारस इंटरमीडिएट्स की संबंधित फर्म द्वारा आयातित संबद्ध वस्तुओँ के ग्रेड सहित आयातों के विवरण

ज. आवेदकों द्वारा आयातों और संबद्ध वस्तुओँ के आयातकों या निर्यातकों के साथ उनके रिश्ते के लिए हस्ताक्षरित घोषणा पत्र।

झ. सामान्य मूल्य और पीसीएन वार सामान्य मूल्य के विवरण

ञ. मांग के वास्तविक आंकड़े

ट. घरेलू उत्पादन की तुलना में आयातों की रेंज का प्रतिशत हिस्सा

ठ. विस्तृत चरण-वार विनिर्माण प्रक्रिया पर लेख

ड. पीयूसी के उत्पादन में प्रयुक्त प्रमुख कच्ची सामग्री के नाम,

ढ. लागत संबंधी सूचना

ण. प्रतिशतांक संदर्भ में लाभ/हानि और आरओसीई

त. कम कीमत पर बिक्री और क्षति मार्जिन

थ. घरेलू उद्योग द्वारा समुद्री मालभाड़ा, समुद्री बीमा, पतन व्ययों, अंतर्देशीय परिवहन, कमीशन, बैंक प्रभारों और वैट के लिए निर्यात कीमत से समायोजन का दावा किया गया है। तथापि, उद्योग द्वारा उपरोक्त समायोजन दावों के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। समुद्री मालभाड़ा विवरणों को भी अत्यधिक बढ़ा कर बताया गया है।

द. आवेदकों ने केवल पीओआई में चीन जन.गण. से आयातों के संबंध में एक विवरण प्रदान किया है। पिछले तीन वर्षों 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान किए गए आयातों के कोई विवरण/घोषणा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसी प्रकार, चीन जन.गण. के अलावा अन्य देशों से आयातों के लिए उनके द्वारा किए गए आयातों के लिए कोई विवरण/घोषणा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

ड.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

24. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. मै. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नालॉजी कं. लिमि. और मै. गुआनगन चेंगशिन केमिकल कंपनी ने अपने अगोपनीय प्रत्युत्तर में गोपनीय सूचना के अर्थपूर्ण सारांश उपलब्ध नहीं कराए हैं।

ii. मै. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नालॉजी कं. लिमि. ने निम्नलिखित सूचना के सारांश उपलब्ध न कराने के द्वारा पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 की जरूरतों के उल्लंघन में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है:

क. शेयरधारकों और संबद्ध कंपनियों के नाम

ख. उत्पादन प्रक्रिया

ग. मुख्य कच्चा माल

घ. लेखाकरण सिद्धांत

ड. क्या उत्पादन के लिए उपयोग किए गए कच्चे माल और युटिलिटीज क्रय किए गए हैं या कंपनी द्वारा कैप्टिव रूप से उत्पादित किए गए हैं

च. आयातित कच्चे माल, मूल के देश और इस के आपूर्तिकर्ताओं के नाम

छ. परिशिष्ट

ज. वित्तीय विवरण

iii. मै. गुआनगन चेंगशिन केमिकल कं. लिमि. ने निम्नलिखित जानकारी के सारांश उपलब्ध न करा कर पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 की जरूरतों के उल्लंघन में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है:

क. उत्पाद सूची

ख. शेयरधारकों की सूची

ग. व्यापार लाइसेंस

घ. कानूनी ढांचा

ड. वित्तीय विवरण

च. परिशिष्ट

ड.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

25. सूचना की गोपनीयता के बारे में पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में उल्लिखित प्रावधान निम्नानुसार है:

"गोपनीय सूचना - (1) नियम के उपनियमों 6(2), (3) और (7)नियम 12 , के उपनियम (2)नियम 15 के , उपनियम (4) और नियम के उपनियम 17 (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम(1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

26. गोपनीयता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई सीमा तक विचार किया गया और तदनुसार उल्लेख किया गया। प्राधिकारी नोट करते हैं कि गोपनीय आधार पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई

और जहां भी जरूरी था ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संबंधी संवेदनशील सूचना को गोपनीय माने जाने का दावा किया है।

27. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसी सभी सूचना के अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराए हैं जो वर्तमान जांच के प्रयोजन हेतु प्रासंगिक हैं।

च. विविध अनुरोध

च.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

28. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नानुसार विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. ग्लाइसिन जरूरी और जीवन रक्षक उद्योगों में प्रयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व है- जैस फर्मास्युटिकल्स, कृषि और फूड एवं पशु भोजन। प्राधिकारी को सत्यापित करना चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग के पास चीन जन.गण. से ग्लाइसिन के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को लागू करने की सिफारिश करने से पूर्व भारतीय बाजार में मांग को पूरा करने की क्षमता है।

ii. भारत फर्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और पशु भोजन संपूरकों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। ग्लाइसिन बहुत से फर्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स, पोषण उत्पादों और भोजन संपूरकों में मुख्य कच्ची सामग्री है। ग्लाइसिन की कीमत में वृद्धि भारत को इन उत्पादों के लिए बाकी विश्व की तुलना में अप्रतिस्पर्धी बना देगी।

च.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

29. आवेदकों ने संबद्ध जांच की अवधि के दौरान कोई अन्य अनुरोध नहीं किए हैं।

च.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

30. इस अनुरोध के संबंध में कि ग्लाइसिन का प्रयोग अनिवार्य और जीवन रक्षक औषधियों में किया जाता है और यह कि घरेलू उद्योग के पास भारत में संपूर्ण मांग को पूरा करने की क्षमता नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कुल मांग और घरेलू उद्योग की क्षमता के बीच का अंतर भारत में संबद्ध वस्तुओं के पाटन को न्यायसंगत सिद्ध नहीं करता। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क पाटित आयातों और घरेलू उत्पादन के बीच अनुचित प्रतिस्पर्धा का उपचार करने के लिए लागू किया जाता है। पाटनरोधी शुल्क किसी भी स्थिति में भारत में संबद्ध वस्तुओं के आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता।

31. इस अनुरोध के संबंध में कि ग्लाइसिन निर्यात उत्पादों के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाला एक कच्चा माल है एवं ग्लाइसिन पर पाटनरोधी शुल्क को लागू करना निर्यातों को अलाभकारी बनाएगा, प्राधिकारी नोट करते हैं यदि निर्यात उत्पादों के उत्पादन में ग्लाइसिन का प्रयोग किया जाता है तब निर्यातक निर्यात संवर्धन कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं कि कच्चे माल के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को लगाने से छूट प्राप्त करने के लिए अग्रिम प्राधिकरण योजना।

छ. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

32. अधिनियम की धारा 9क(1)(ग) के अनुसार, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य से अभिप्राय है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा*:

(क) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो, अथवा*

(ख) *उपधारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत*:

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

छ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

33. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार है:

i. प्राधिकारी को पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के लिए निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर में उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर की गई सूचना पर विचार करना चाहिए।

ii. चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल का अध्याय 15 दिसंबर, 2016 में समाप्त हो गया था और अब गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की परिकल्पना स्वतः नहीं है। इसलिए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो प्राधिकारी को यह सोचने के लिए सक्षम बनाए कि चीनी उत्पादक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था स्थितियों के तहत प्रचालन कर रहे हैं और अपनी घरलू कीमतों और लागतों की उपेक्षा कर रहे हैं। चीनी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य उनकी घरेलू कीमतों और संबद्ध वस्तुओं की लागत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

iii. चीन जन.गण. से उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य किसी अतिरिक्त प्रक्रिया का अनुसरण किए बिना उनके रिकार्डों पर आधारित होना चाहिए।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा उनकी याचिका में परिकलित किए गए सामान्य मूल्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता। चीन जन.गण. से उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उनकी घरेलू बिक्रियों और संबद्ध वस्तुओं की लागत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

v. घरेलू उद्योग ने एडी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया है। भारतीय कीमतों और लागतों पर भरोसा करने की क्रिया पद्धति का अनुसरण तभी किया जाना चाहिए जब पैरा 7 के आरंभिक वाक्य में निर्धारित किए गए विकल्पों के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्माण करना संभव न हो।

vi. घरेलू उद्योग सामान्य मूल्य के लिए बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की पहचान करने में असफल रहा है। केवल वहीं जहां ऐसे तीसरे देश से अनिवार्य डाटा प्राप्त करना संभवा न हो, सामान्य मूल्य को किसी अन्य उचित आधार पर निर्धारित किया जा सकता है, जिसमें किसी उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए, यदि जरूरी हो, विधिवत समायोजित, समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में अदा की गई या अदायगी योग्य कीमत शामिल होगी।

vii. घरेलू उद्योग पर बिना किसी अनुचित विलंब के बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के बारे में सूचित करने की बाध्यता है ताकि संबंधित पक्षकारों को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने का अवसर दिया जा सके।

viii. संबद्ध जांच की शुरुआत के समय, आवेदकों ने प्रस्ताव किया कि निम्नलिखित तीन विकल्पों से सामान्य मूल्य प्राप्त किया जा सकता है:

(क) जापान से यूएसए को निर्यात

(ख) भारत से कनाडा को निर्यात

(ग) भारत से यूएसए को निर्यात

ix. घरेलू उद्योग के इस प्रस्ताव को प्राधिकारी द्वारा उचित औचित्य के अभाव के कारण अपनी जांच शुरुआत अधिसूचना में उचित रूप से खारिज कर दिया गया था। प्राधिकारी ने अपनी जांच शुरुआत अधिसूचना में नोट किया था कि चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग की समान वस्तु के उत्पादन की लागत और लाभ के लिए उचित परिवर्धन सहित बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों के आधार पर निर्मित किया गया है।

छ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

34. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. चीन जन.गण. से उत्पादकों/निर्यातकों की घरेलू कीमत और लागत पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता जब तक कि वे ये प्रदर्शित न करें कि लागतें और घरेलू कीमतें उचित हैं और विचाराधीन उत्पाद की लागतों और कीमत को उचित रूप से प्रतिबिंबित नहीं करतीं।

ii. चीन जन.गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए। चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तओं के लिए सामान्य मूल्य को एडी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसरण में निर्धारित किया जाना चाहिए। बाजार अर्थव्यवस्था उपचार का दावा करने वाले उत्पादक/निर्यातकों द्वारा यह स्थापित किए जाने की जरूरत है कि वे उनकी लागतों और कीमतों पर विचार किए जाने के लिए बाजार अर्थव्यवस्था स्थितियों के अंतर्गत प्रचालन कर रहे हैं।

iii. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 8 के अनुसार, गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की कल्पना का खंडन किया जा सकता है यदि चीन जन.गण. से निर्यातक पर्याप्त जानकारी और साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं और इसके विपरीत स्थापित करते हैं। ऐसे करते समय, प्राधिकारी को निम्नलिखित मानदंडों पर विचार करना चाहिए।

क) क्या कीमतों, लागतों और कच्चे माल सहित इनपुट, प्रौद्योगिकी और श्रम की लागत, आउटपुट, बिक्रियों और निवेश के संबंध में चीन जन.गण. में संबंधित फर्मों के निर्णय आपूर्ति और मांग को प्रतिबिंबित करने वाले बाजार संकेतकों की प्रतिक्रिया में और इस संबंध में महत्वपूर्ण राज्य हस्तक्षेप के बिना किए गए हैं;

ख) क्या ऐसी फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर-बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली, विशेष रूप से संपत्ति के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते डालना, वस्तु विनिमय व्यापार और ऋण की प्रतिपूर्ति के माध्यम से भुगतान के संबंध में महत्वपूर्ण विरुपण के अधीन हैं;

ग) क्या ऐसी फर्में, बैंक दिवालियापन और संपत्ति कानूनों के अधीन हैं जो फर्मों के प्रचालन के लिए कानूनी निश्चितता और स्थिरता की गारंटी देती है; और

घ) क्या मुद्रा विनिमय दर परिवर्तन बाजार दर पर किए जाते हैं।

iv. वर्तमान जांच में भाग लेने वाले उत्पादकों में से किसी ने भी बाजार अर्थव्यवस्था उपचार को स्थापित करने के लिए जरूरी प्रश्नावली उत्तर को विधिवत रूप से दायर नहीं किया है। इसके अलावा, दोनों निर्यातक बाजार अर्थव्यवस्था उपचार की गारंटी नहीं दे सकते और उनकी लागतों और घरेलू कीमतों पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार नहीं किया जा सकता।

v. विचाराधीन उत्पाद यूएसए, भारत, थाइलैंड, जापान और चीन जन.गण. में उत्पादित किया जाता है। आवेदकों ने चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तुओं की घरेलू कीमत के साक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया है। इसके अलावा, जापान और यूएस में संबद्ध वस्तुओं की वास्तविक कीमत का कोई सत्यापन योग्य साक्ष्य नहीं है। आवेदक एक बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के रूप में यूएस में वास्तविक बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण नहीं कर सकते।

vi. आवेदकों ने जापान और यूएस में उत्पादन की लागत के संबंध में संगत सूचना एकत्र करने का प्रयास किया था। हालांकि इसके संबंध में कोई प्रकाशित सूचना उपलब्ध नहीं है। आवेदक एक बाजार अर्थव्यवस्था वाले तृतीय देश में उत्पादन की लागत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण नहीं कर सकते।

vii. चीन जन.गण. में सामान्य मूल्य का अनुमान बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश अर्थात जापान और भारत से बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश यूएसए और कनाडा, के आधार पर अनुमानित किया गया है, क्योंकि इसने अनुबंध I पैरा 7 का परीक्षण उत्तीर्ण किया है।

viii. याचिकाकर्ताओं ने सामान्य मूल्य के रूप में संगत समायोजनों के साथ जापान से यूएसए को निर्यात कीमत पर भी विचार किया है। यूएसए में आयातकों के लिए जापान सबसे पड़ा स्रोत है (भारत के

अतिरिक्त)। इसलिए, यूएसए के घरेलू बाजार में अभिभावी कीमत के लिए सबसे उचित तुलना जापान से निर्यात कीमत से की जा सकती है, क्योंकि संबंधित बाजार को निर्यात की गई मात्रा स्वरूप में प्रतिनिधिक हैं। जापान और भारत से यूएस में आयात कीमत तथा भारत एवं जापान से यूएस को निर्यात कीमत उचित रूप से अनुबंध I के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसरण में सामान्य मूल्य को प्रतिबिंबित करती है।

ix. इन देशों से आयात समान अनुप्रयोग के लिए किए जा रहे हैं। वस्तुएं ऐसी सीमा तक समान वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करती हैं कि ये सभी अनिवार्य विशेषताओं में लगभग समान हैं। चूंकि, ये कीमतें सीआईएफ कीमतें हैं, और निर्यात कीमत कारखानागत है, इसलिए, कारखाना गत आधार पर सामान्य मूल्य की संगणना करने के लिए मालभाड़ा, बीमा, बैंक प्रभारों और अंतर्देशीय मालभाड़ा, आदि जैसे व्ययों के लिए कीमत को समायोजित किया गया है। समायोजनों के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए गए हैं और मालभाड़ा आदि के लिए अनुमान हेतु साक्ष्य भी उपलब्ध कराए गए हैं इस आधार पर सामान्य मूल्य पर विचार करते हुए, पाटन मार्जिन को चीन जन.गण. से आयातों के संबंध में निर्धारित किया गया है।

x. वैकल्पिक रूप से, भारत पर बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के रूप में विचार किया जा सकता है। भारत यूएसए और कनाडा में आयातकों के लिए सबसे बड़े गंतव्यों में से एक है, जो स्वयं भी बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। इसलिए, भारत के घरेलू बाजार में अभिभावी कीमत के लिए सर्वाधिक उचित तुलना यूएसए और कनाडा की निर्यात कीमत से प्राप्त की जा सकती है क्योंकि संबंधित बाजारों को निर्यात किए गए सामग्री, मात्रा, ग्रेड और मात्रा की कीमतें स्वरूप में प्रतिनिधि हैं।

छ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

35. प्राधिकारी चीन जन.गण. से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को उन्हें प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके में सूचना उपलब्ध कराने की सलाह देते हुए प्रश्नावली प्रेषित कर सकते हैं। चीन जन.गण. से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातकों की प्रश्नावली के प्रत्युत्तर दायर किए हैं:

i. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नालॉजी कंपनी लिमि.

ii. गुआनगन चेंगशिन केमिकल कंपनी लिमिटेड

36. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग सहित हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का विश्लेषण किया है और तदनुसार सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण किया है।

37. डब्ल्यूटीओ में चीन के एसेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था की गई है:

"जीएटीटी का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता, 1994 ("पाटनरोधी समझौता") के अनुच्छेद-VI के कार्यान्वयन पर समझौता तथा एससीएम समझौता निम्नलिखित के अनुरूप डब्ल्यूटीओ सदस्यों में चीन मूल के आयातों वाली कार्यवाहियों पर लागू होंगे:

(क) जीएटीटी के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी समझौते के तहत मूल्य की तुलना का निर्धारण करने में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित के आधार पर चीन में घरेलू मूल्यों अथवा लागतें के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

38. आवेदकों ने चीन के परिग्रहण प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 (ए) (i) के साथ-साथ पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 पर विश्वास किया है। आवेदकों ने दावा किया है कि चीन जन.गण में उत्पादकों को यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति प्रचलित है। आवेदकों द्वारा यह कहा गया है कि यदि प्रतिवादी चीनी उत्पादक यह प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हैं कि उनकी लागत और कीमत की जानकारी बाजार संचालित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमों के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

39. यह नोट किया जाता है कि अनुच्छेद 15 (ए) (ii) में निहित प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गया है, जबकि परिग्रहण प्रोटोकॉल के 15 (ए) (i) के तहत दायित्व के साथ पठित विश्व व्यापार संगठन के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति का दावा करने पर पूरक प्रश्नावली में प्रदान की जाने वाली जानकारी/डेटा के माध्यम से संतुष्ट होने के लिए नियमों के अनुबंध I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड की आवश्यकता है।

40. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जनवादी गणराज्य के किसी भी सहयोगी उत्पादक/निर्यातक ने पूरक प्रश्नावली दर्ज नहीं की है।

41. चूंकि चीन जनवादी गणराज्य के किसी भी उत्पादक ने अपने स्वयं के आंकडें/सूचना के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण का दावा नहीं किया है, सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा-7 में उपबंध के अनुसार किया गया है, जो निम्नानुसार है:

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्वित रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिनमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के स्तर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई

किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा । जहां उचित हो, उचित समय सीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा । जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी । "

42. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अनुबंध I के पैरा (7) के प्रावधानों के तहत, सामान्य मूल्य का निर्धारण किसी तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर किया जा सकता है, या ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों में कीमत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। हालांकि, जब ऐसा आधार संभव नहीं है, केवल तभी प्राधिकारी भारत में भुगतान या देय कीमत सहित किसी अन्य उचित आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित कर सकते है।

43. प्राधिकारी नोट करते हैं कि सामान्य मूल्य का निर्धारण किसी उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में उत्पाद की कीमतों या निर्मित मूल्य के आधार पर नहीं किया जा सकता है क्योंकि किसी तीसरे देश की बाजार अर्थव्यवस्था के लिए कीमत या लागत से संबंधित सुसंगत जानकारी आवेदकों द्वारा या किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा उपलब्ध न तो कराई गई है न ही यह किसी सार्वजनिक स्रोत से प्राधिकारी के पास उपलब्ध है।

44. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सामान्य मूल्य का निर्धारण किसी तीसरे देश से अन्य देशों को निर्यात कीमतों के आधार पर नहीं किया जा सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा जापान से संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात कीमत के संबंध में प्रदान की गई जानकारी जापान से संयुक्त राज्य अमेरिका को कुल निर्यात की औसत निर्यात कीमत है। प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पीसीएन के आधार पर जापान से यूएसए को निर्यात कीमत प्राधिकारी को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई निर्यात कीमत की जानकारी जापान से संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए है और जापान से तीसरे देशों को नहीं है जैसा कि अनुबंध I के पैरा (7) के प्रावधानों के तहत आवश्यक है। जापान से यूएसए को पीसीएन-वार निर्यात के पृथक्करण के संबंध में सूचना भी प्राधिकारी के पास उपलब्ध नहीं है।

45. इसके अलावा, विश्व में ग्लाइसिन उत्पादन और बाजार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में, यह नोट किया गया है कि चीन जन.गण में उत्पादन मुख्य रूप से तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड का है, जबकि ग्लाइसिन का उत्पादन करने वाले अन्य देशों की स्थिति के विपरीत है। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया है कि चीन जन.गण से भारत में आयात प्राथमिक रूप से तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड का है।

46. प्राधिकारी ने जांच आरंभ करने के नोटिस में यह भी नोट किया है कि सामान्य मूल्य के आधार के रूप में जापान से संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात कीमत पर विचार करने के लिए कोई उचित औचित्य प्रदान नहीं किया गया है। यह व्यक्त करने के अलावा कि जापान संयुक्त राज्य अमेरिका में आयातकों के लिए आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है, घरेलू उद्योग ने भी सामान्य मूल्य के आधार के रूप में जापान से संयुक्त राज्य अमेरिका को कीमतों के उपयोग को प्रमाणित करने के लिए जांच के दौरान कोई सहायक सूचना प्रदान नहीं की है।

47. इस दावे के संबंध में कि भारत से कनाडा और/अथवा यूएसए को देय कीमत को सामान्य मूल्य का आधार माना जा सकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अनुबंध I के पैरा (7) में भारत से तीसरे देशों को निर्यात कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण की अनुमति नहीं है। ।

48. अत:, प्राधिकारी नोट करते हैं कि बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से अन्य देशों को कीमत के संबंध में कोई विश्वसनीय सूचना उपलब्ध नहीं है और तद्नुसार प्राधिकारी घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत और तर्कसंगत बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ मार्जिन जोड़ने के बाद उसके आधार पर चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य परिकलित करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने पीओआई के दौरान फूड ग्रेड ग्लाइसिन का उत्पादन और बिक्री की है। प्राधिकारी ने फूड ग्रेड ग्लाइसिन के लिए एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। अधिकांश आयात चीन जन.गण. से आ रहे हैं और वे तकनीकी ग्रेड/औद्योगिक ग्रेड ग्लाइसिन के हैं। तद्नुसार, प्राधिकारी ने फूड ग्रेड ग्लासिन के सामान्य मूल्य के लिए बिल्कुल सटीक तुलना हेतु उचित समायोजन किए हैं।

छ.3.1 निर्यात मूल्य

हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड

49. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड चीन जनवादी गणराज्य में संबद्ध वस्तु का उत्पादक है। इसने भारत में असंबंधित ग्राहकों को सीधे संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने निर्धारित प्रश्नावली प्रारूपों में सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान की है।

50. हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यात के लिए पीसीएन वार सूचना दी है। यह नोट किया जाता है कि हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने जांच की अवधि के दौरान भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने समुद्री माल भाडा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबंधित खर्चों, बैंक शुल्क और क्रेडिट लागत के खातों पर समायोजन का दावा किया है, जिसे प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी गई है।

51. प्राधिकारी ने उत्पादक/निर्यातक द्वारा दर्ज प्रश्नावली के उत्तर में दिए गए निर्यात की पीसीएन वार सूचना का सत्यापन किया है। भारित औसत पीसीएन वार कारखाना बाह्य निर्यात मूल्य जैसा कि निर्धारित किया गया है, पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

गुआंगन चेंगक्सिन केमिकल कं, लिमिटेड

52. गुआंगन चेंगक्सिन केमिकल लिमिटेड. चीन जन.गण में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक है। इसने भारत में असंबंधित ग्राहकों को सीधे संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है । गुआंगन चेंगक्सिन केमिकल लिमिटेड. ने निर्धारित प्रश्नावली प्रारूपों में सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान की है।

53. गुआंगन चेंगक्सिन केमिकल लिमिटेड ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर के परिशिष्ट 3क में भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यात से संबंधित पीसीएन वार जानकारी दी है। यह नोट किया जाता है कि गुआंगनचेंगक्सिन केमिकल कं, लिमिटेड ने जांच की अवधि के दौरान भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। गुआंगनचेंगक्सिन केमिकल कं, लिमिटेड ने समुद्री माल भाडा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबंधित खर्चों, बैंक शुल्क और क्रेडिट लागत के खातों पर समायोजन का दावा किया है, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी गई है।

54. प्राधिकारी ने उत्पादक/निर्यातक द्वारा दर्ज प्रश्नावली के उत्तर में दिए गए निर्यातों की पीसीएन वार सूचना का सत्यापन किया है । भारित औसत पीसीएन वार कारखानागत निर्यात कीमत जैसा कि निर्धारित किया गया है, पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

छ.3.2 अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य

55. चीन जनवादी गणराज्य के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित किए जाने का प्रस्ताव है और उसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

पाटन मार्जिन

56. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, यह नोट किया जाता है कि चीन जनवादी गणराज्य के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन नियमों के तहत निर्धारित न्यूनतम रेंज से अधिक है।

पाटन मार्जिन तालिका

उत्पादक/निर्यातक	सामान्य मूल्य (रु/कि.ग्रा)	एनईपी (रु/कि.ग्रा)	पाटन मार्जिन (रु/कि.ग्रा)	पाटन मार्जिन (अम.डा/कि.ग्रा)	पाटन मार्जिन%	रेंज
हेबई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	***	50-60

गुआंगन चेंगक्सिन केमिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	***	75-85
अन्य सभी	***	***	***	***	***	105-115

क. क्षति निर्धारण और क्षति तथा कारण लिंक की जांच के लिए पद्धति

57. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में ..." पाटित आयातों की मात्रा ,समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए "... ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है ,जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

58. प्राधिकारी ने अपनी जांच में क्षति मानकों का मूल्यांकन किया है जो नियमों के नियम 11 और अनुबंध II के तहत आवश्यक हैं।

ज.1. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

59. घरेलू उद्योग को हुई क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग द्वारा यह दावा कि उसे निर्यात करने के लिए बाध्य किया गया है, गलत है और रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों द्वारा समर्थित नहीं है। घरेलू उद्योग वर्ष 2019-20 और जांच की अवधि में अपनी निर्यात बिक्री पर लाभ अर्जित कर रहा है।

ii. संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा आदि को निर्यात बिक्री अधिक आकर्षक है, भले ही घरेलू बाजार में कोई आयात प्रतिस्पर्धा न हो क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा को निर्यात बिक्री कीमत एनआईपी अर्थात घरेलू उद्योग के आदर्श बिक्री मूल्य से अधिक है। घरेलू उद्योग का अनुमानित एनआईपी 300-340 रुपये/किलोग्राम के निर्यात मूल्य से कम है। अत:, घरेलू उद्योग पहले निर्यात बाजार में मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करेगा क्योंकि यह अधिक लाभकारी है। घरेलू उद्योग के निर्यात में भी क्षति जांच अवधि के दौरान पर्याप्त रूप से वृद्धि हुई है और क्षमता में वृद्धि का उपयोग निर्यात की मात्रा को बढ़ाने के लिए भी किया जाता है।

iii. प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या निर्यात बाजार में मांग को पूरा करने के बाद घरेलू बाजार में मांग को पूरा करने के लिए घरेलू उद्योग के पास कोई क्षमता उपलब्ध है। घरेलू उद्योग का प्राथमिक फोकस निर्यात बाजार पर है और घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में आपूर्ति करने से पहले निर्यात बाजार में मांग को पूरा करेगा।

iv. घरेलू मांग में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग ने निर्यात बाजार पर ध्यान केंद्रित किया है।

v. भारत से ग्लाइसिन के आयात पर वर्ष 2021-2022 के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अधिरोपित शुल्क(पाटन रोधी शुल्क और प्रतिकारी शुल्क) के संबंध में नवीनतम जानकारी दर्शाता है कि पारस इंटरमीडिएट्स प्रा. लिमिटेड (11.36%) और एविड ऑर्गेनिक्स प्रा लिमिटेड (5.16%) के आवेदक घरेलू उत्पादकों से आयात की तुलना में कुमार इंडस्ट्रीज (17.36%) से आयात पर अधिक है।इसने आवेदक घरेलू उत्पादकों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात में वृद्धि की संभावनाएं बनाई हैं क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारत से इसका सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी शुल्क की उच्च दर का सामना कर रहा है।

vi. प्राधिकारी को इस बात की जांच करनी चाहिए कि क्या घरेलू बिक्री में गिरावट और अन्य संबंधित मानदंड स्वत: ही थोपे गए हैं।

vii. चीन जन.गण द्वारा किए गए निर्यात के लिए कीमत में कटौती गैर-प्रतिनिधि है। चीन जन.गण. से निर्यात प्राथमिक रूप से तकनीकी/औद्योगिक ग्रेड के होते हैं जबकि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री प्राथमिक रूप से खाद्य ग्रेड और

फार्मास्युटिकल ग्रेड की होती है। संबद्ध वस्तुओं के खाद्य ग्रेड और फार्मास्युटिकल ग्रेड में शुद्धिकरण प्रक्रिया शामिल होती है और भारत में कम शुद्धता वाले औद्योगिक/तकनीकी ग्रेड के आयात की तुलना में उच्च लागत शामिल होती है।

viii. घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग को आयात और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध का अभाव भी कीमत कटौती और लाभप्रदता के बीच परस्पर संबंध की कमी से स्पष्ट है। वर्ष 2019-20 में कीमत में कटौती और जांच की अवधि क्षति जांच अवधि में उच्चतम स्तर पर थी। तथापि, घरेलू उद्योग ने पिछले दो वर्षों की तुलना में, जब कीमत में कटौती, कम थी इन दोनों वर्षों में घाटे में गिरावट का अनुभव किया।

ix. प्रोफार्मा IV-A में याचिका में प्रदान की गई जानकारी घरेलू बिक्री और निर्यात बिक्री के लिए बिक्री की अलग-अलग लागत दर्शाती है । पीयूसी की घरेलू और निर्यात बिक्री के लिए प्रति यूनिट बिक्री की लागत कमोबेश एक ही रेंज में रहने की आशा है और इसमें उसी के अनुरूप बदलाव होना चाहिए। यह स्पष्ट नहीं है कि घरेलू बिक्री के लिए प्रति यूनिट बिक्री की लागत जांच की अवधि में महत्वपूर्ण रूप से क्यों बढ़ी लेकिन निर्यात बिक्री के मामले में गिरावट आई।

x. जांच की अवधि के दौरान घरेलू बिक्री के लिए प्रति यूनिट बिक्री की उच्च लागत के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के लिए एनआईपी अधिक होगा । प्राधिकारी को इस बात की जांच करनी चाहिए कि क्या घरेलू बिक्री और निर्यात बिक्री के बीच व्यय का आवंटन जांच की अवधि में उचित रूप से किया गया है या यदि किसी उचित औचित्य के बिना घरेलू बिक्री के लिए उच्च व्यय दर्ज किए गए हैं।

xi. क्षति के जोखिम के दावों के संबंध में, यह नोट किया जाना चाहिए कि प्राधिकारी ने क्षति के जोखिम के संबंध में घरेलू उद्योग के दावे की जांच करने के लिए जांच आरंभ नहीं की है। जांच के आरंभ के नोटिस में केवल यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के संबंध में प्रथम दृष्टया साक्ष्य है। इस प्रकार, वास्तविक क्षति के जोखिम से संबंधित में घरेलू उद्योग के दावे के संबंध में कोई और जांच नहीं की जा सकती है।

xii. इस दावे के संबंध में कि हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने *** टी / ए की उत्पादन क्षमता का संवर्धन किया है और हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं,लिमिटेड की कुल क्षमता *** एमटी है, यह प्रस्तुत किया गया है कि घरेलू उद्योग का दावा गलत है। जनवरी 2018 से हेबेई हुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड की कुल क्षमता *** एमटी प्रति वर्ष है। प्रतिवादी उत्पादक/निर्यातक ने भी कोई क्षमता संवर्धन नहीं हुआ है जैसा कि आवेदकों ने दावा किया है। प्रतिवादी प्राधिकारी से प्रतिवादी की वास्तविक जानकारी पर विश्वास करने का अनुरोध करता है।

xiii. चेंग्क्सिन द्वारा संबद्ध वस्तु की बिक्री कीमत वर्ष 2018-19 के आधार वर्ष से जांच की अवधि तक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गई है। इसके अलावा, चेंगक्सिन ने वर्ष 2018-19 से भारत को निर्यात के विपरीत अपने घरेलू बाजार और अन्य देशों में अपनी बिक्री में वृद्धि की है।

xiv. जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का निष्पादन अप्रैल 2020 से जून 2020 के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुआ होगा जब पूरे भारत में एक सख्त लॉकडाउन लगाया गया था। आरंभ करने की अधिसूचना में परिभाषित पीओआई के आधार पर क्षति या क्षति की संभावना का कोई आकलन नहीं किया जा सकता है।

ज.2 घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत अनुरोध

60. क्षति और कारणात्मक संबंध से संबंधित घरेलू उद्योग के अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं के आयातों में घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री की तुलना में समग्र रूप से और सापेक्ष रूप में क्षति अवधि के दौरान काफी और लगातार वृद्धि हुई है।

ii. चीन जनवादी गणराज्य से भारत में संबद्ध वस्तुओं का आयात काफी कम कीमतों पर भारत में कुल आयातों का 98% हो गया है। संपूर्ण क्षति जांच अवधि में चीन जनवादी गणराज्य के अलावा किसी अन्य देश से कोई आयात नहीं हुआ है।

iii. संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की मांग में लगातार वृद्धि हुई है, तथापि पाटित आयातों में महत्वपूर्ण वृद्धि ने भारत में मांग को प्रभावित किया है। संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में गिरावट आई है।

iv. संबद्ध देश से आयात कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों से काफी कम रही हैं जिसके परिणामस्वरूप कीमत में सकारात्मक और महत्वपूर्ण कटौती हुई है । चीन जनवादी गणराज्य से आयातों की पहुंच कीमत में

गिरावट आई है और चीन जनवादी गणराज्य से पाटित आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है तथा क्षति अवधि में कीमत कटौती के स्तर में लगभग 100% की वृद्धि हुई है।

v. घरेलू उद्योग वर्तमान जांच अवधि के दौरान लागत में वृद्धि के अनुरूप अपनी निवल बिक्री कीमत में वृद्धि करने में सक्षम नहीं रहा है। आयातों की पहुंच कीमत में जांच की अवधि में काफी गिरावट आई जबकि लागत में वृद्धि हुई। स्पष्ट रूप से, पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को गंभीर मूल्य ह्रास और कीमत ह्रास हुआ और घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

vi. महत्वपूर्ण क्षति मार्जिन के कारण, घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में उचित रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम नहीं है और भारतीय मांग में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी गवां दी है।

vii. चीन जनवादी गणराज्य के सहयोगी निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के उत्तर निर्यात की मात्रा में वृद्धि और बिक्री मूल्य में गिरावट को प्रदर्शित करते हैं। कथित रूप से सहयोगी निर्यातकों से अत्यधिक कम पाटित कीमतों पर निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह घरेलू उद्योग की क्षति के दावे की पुष्टी करता है।

viii. घरेलू उद्योग ने भारत में संबद्ध वस्तुओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षति जांच अवधि के दौरान अपनी क्षमता में वृद्धि की है। तथापि, चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं के लगातार पाटन के कारण घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में जांच की अवधि में महत्व पूर्ण रूप से गिरावट आई है।

ix. चीन जनवादी गणराज्य का बाजार हिस्सा जांच की अवधि में ***% से बढ़कर ***% हो गया है और साथ ही घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा जांच की अवधि में लगभग ***% से घटकर लगभग ***% हो गया है। .

x. संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता अत्याधिक प्रभावित हुई थी। संबद्ध देश से पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग को कम कीमतों पर बेचने के लिए बाध्य किया है, जो उत्पादन की लागत से कम है।

xi. घरेलू उद्योग की उत्पादकता में क्षति जांच अवधि के दौरान गिरावट दर्शाई गई है।

xii. जांच की अवधि में आवेदकों के पास औसत मालसूची में काफी वृद्धि हुई है।

xiii. जांच की अवधि में लगभग सभी क्षति मानकों में घरेलू उद्योग की वृद्धि नकारात्मक रही है।घरेलू बिक्री में गिरावट आई है, और लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय, सभी में चीन जनवादी गणराज्य से भारी मात्रा में पाटित आयातों के कारण क्षति अवधि में नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

xiv. चीन जनवादी गणराज्य के लिए पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तर से काफी अधिक है और जांच की अवधि तथा पूरी क्षति अवधि में पर्याप्त है।

xv. लाभप्रदता में गिरावट के साथ, आवेदकों की पूंजी जुटाने की क्षमता कमजोर हो गई है।

xvi. चीन जनवादी गणराज्य में संबद्ध वस्तु के लिए अत्यधिक क्षमता है। वर्ष 2014-2016 के दौरान, ग्लाइसिन की राष्ट्रीय क्षमता में प्रति वर्ष 100,000 टन/प्रति वर्ष की वृद्धि हुई।

xvii. घरेलू उद्योग ने सीसीएम डेटा और बिजनेस इंटेलिजेंस, कोम्बर इंक., सातवें संस्करण (मार्च 2018) ("सीसीएम रिपोर्ट") द्वारा "चीन में ग्लाइसिन का उत्पादन और बाजार" शीर्षक वाली रिपोर्ट पर भरोसा किया है। सीसीएम रिपोर्ट स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि चीन जन.गण में, समग्र ग्लाइसिन उत्पादन क्षमता वर्ष 2015 में *** एमटी से बढ़कर वर्ष 2017 में *** एमटी हो गई। साथ ही, चीन की ग्लाइसिन उत्पादन उपयोग दर बेहद कम थी और वर्ष 2015 में *** प्रतिशत अंक से वर्ष 2017 में*** प्रतिशत अंक केवल थोड़ी ही वृद्धि हुई थी। ।

xviii. सीसीएम रिपोर्ट के अनुसार, उत्पादकों और निर्यातकों के पास मुक्त रूप से प्रयोज्य उत्पादन क्षमता काफी अधिक है। बढ़ती मांग के साथ भारत एक अत्यंत मूल्य संवेदनशील बाजार है, इसलिए निर्यातकों के लिए भारत में अपने निर्यात को उन्मुख करने के लिए एक आकर्षक और महत्वपूर्ण निर्यात गंतव्य है। इसे 140 पीटी की मांग में वृद्धि की दर से भी देखा जा सकता है जो चीन जन.गण से भारत में आयातों में वृद्धि के साथ संरेखित होती है जो अत्यधिक पाटित कम कीमतों पर जांच की अवधि में लगभग 100% तक बढ़ गई है। पाटनरोधी शुल्क न लगाने की स्थिति में, निर्यातकों द्वारा भारत को निर्यात करने के लिए इन महत्वपूर्ण निष्क्रिय क्षमताओं का उपयोग करने की अत्यधिक संभावना है।

xix. इस दावे को प्रमाणित करने का कोई आधार नहीं है कि निर्यात से संबंधित भारी व्यय, शुल्क और बिक्री और विपणन व्यय के साथ-साथ निर्यात के लिए भुगतान किए गए कमीशन को देखते हुए निर्यात अधिक लाभकारी है।

ज.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

61. क्षति और कारणात्मक संबंध संबंधी मुद्दों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की गई है। प्राधिकारी द्वारा यहां किया गया क्षति विश्लेषण वास्तव में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है।

62. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतिवादों पर ध्यान दिया है।प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार किया गया क्षति विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है ।

63. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में ..." पाटित आयातों की मात्रा ,समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए "... ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है ,जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। "भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए, उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले सूचकांक जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, सूची, लाभप्रदता, शुद्ध बिक्री प्राप्ति, परिमाण और मार्जिन डंपिंग आदि पर नियमों के अनुबंध II के अनुसार विचार किया गया है।

64. इस अनुरोध के संबंध में कि 1 अप्रैल 2020-31 मार्च 2021 (12 महीने) कोविड -19 के प्रभावों के कारण प्रतिनिधि नहीं है, प्राधिकारी अपनी क्षति जांच में अप्रैल 2020 से जून 2020 तक की लॉकडाउन अवधि को बाहर करने का निर्णय लेते है , इसलिए कि भारत में लॉकडाउन के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति, यदि कोई हो, के लिए संबद्ध देश से पाटित आयातों को जवाबदेह नहीं माना गया है।

ज.3.1 पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

क. मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

65. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, 65. पाटित आयातों के प्रमात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित आयातों में या तो समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजन के लिए, प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस और डीजी-सिस्टम्स से प्राप्त आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। मांग या प्रत्यक्ष खपत का निर्धारण सभी घरेलू उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी देशों से आयात के योग के रूप में किया गया है।

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
चीन जन.गण से आयात	एमटी	3,146	3,525	5,436	5,085	6,780
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	173	162	215
अन्य देशों से आयात	एमटी	14	12	8	8	11

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	86	59	59	79
कुल आयात	एमटी	3,160	3,536	5,444	5,093	6,791
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	172	161	215
आयात में बाजार हिस्सेदारी						
चीन जन.गण	%	99.57%	99.67%	99.85%	99.84%	99.84%
अन्य देश	%	0.43%	0.33%	0.15%	0.16%	0.16%
कुल आयात हिस्सा	%	100%	100%	100%	100%	100%
भारत में मांग						
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1	22	1	1
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	98	55	74
चीन जन.गण से आयात	एमटी	3,146	3,525	5,436	5,085	6,780
अन्य देशों से आयात	एमटी	14	12	8	8	1 1
कुल भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	155	141	188
मांग में बाजार हिस्सेदारी						
घरेलू उद्योग की बिक्री	%	***	***	***	***	***
रेंज	%	0-10	0-10	0-10	0-10	0-10
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	%	***	***	***	***	***
रेंज	%	0-10	0-10	0-10	0-10	0-10
चीन जन.गण	%	***	***	***	***	***
रेंज	%	90-80	100-90	100-90	100-90	100-90
अन्य देश	%	***	***	***	***	***
रेंज	%	0-10	0-10	0-10	0-10	0-10
कुल मांग हिस्सा	%	100%	100%	100%	100%	100%

66. प्राधिकरी नोट करते है कि:

i. क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की कुल मांग में वृद्धि हुई है।

ii. क्षति जांच अवधि के दौरान चीन जनवादी गणराज्य से आयातों में समग्र रूप

से और साथ ही भारत में मांग के संबंध में वृद्धि हुई है।

iii. क्षति जांच अवधि के दौरान अन्य देशों से आयात नगण्य हैं ।

ख. आयात की मात्रा और चीन जन.गण. से आयात का हिस्सा

67. चीन जनवादी गणराज्य से पाटित आयातों की मात्रा के प्रभावों की जांच प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित तालिका में की गई है:

विवरण	**इकाई**	**18-2017**	**19-2018**	**20-2019**	**पीओआई (अप्रैल 2020- जून 2020 को छोड़कर)**	**पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**
चीन जन.गण से आयात	एमटी	3,146	3,525	5,436	5,085	6,780
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	173	162	215
अन्य देशों से आयात	एमटी	14	12	8	8	1 1
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	86	59	59	79
कुल आयात	एमटी	3,160	3,536	5,444	5,093	6,791
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	172	161	215
आयात में बाजार हिस्सेदारी						
चीन जन.गण	%	99.57%	99.67%	99.85%	99.84%	99.84%
अन्य देश	%	0.43%	0.33%	0.15%	0.16%	0.16%
कुल आयात हिस्सा	%	100.00%	100.00%	100.00%	100.00%	100.00%
निम्लिखित के संबंध में आयात						
उपभोग	%	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	110	111	114	114
घरेलू उद्योग का उत्पादन	%	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	424	91	98	98

68. यह देखा गया है कि:

i. क्षति जांच अवधि के दौरान चीन जनवादी गणराज्य से आयातों में पूर्ण रूप से वृद्धि हुई है ।

ii . भारत में कुल खपत के संबंध में चीन जन.गण. से आयात में वृद्धि हुई है।

ज.3.2 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मूल्य प्रभाव

69. नियमों के अनुबंध II (ii) के अनुसार, प्राधिकारी को घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर कीमत कटौती, मूल्य ह्रास और कमी, यदि कोई हो, के संदर्भ में विचार करना आवश्यक है।

क. कीमत में कटौती

70. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में भारी कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में भारी कमी करना या कीमतों में वृद्धि को रोकना, जो अन्यथा काफी हद तक घटित होती। इस संबंध में, चीन जनवादी गणराज्य से उत्पाद के पहुंच मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है:

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
चीन जन.गण से पहुंच मूल्य	रुपये/किग्रा	161	162	144	153
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	101	89	95
शुद्ध बिक्री मूल्य	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	103	75	123
कीमत में कटौती	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
कीमत में कटौती	%	***	***	***	***
रेंज	%	40-50	40-50	20-30	80-90

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति जांच अवधि के दौरान कीमत में कटौती महत्वपूर्ण है और जांच की अवधि में इसमें वृद्धि हुई है।

ख. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

72. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक कम करना है और कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि में कीमतों और पहुंच मूल्य में परिवर्तन पर विचार किया।

विवरण	इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
बिक्री की लागत (कारखानागत)	रु./किग्रा	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	107	75	102
बिक्री कीमत	रु./किग्रा	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	103	75	123
चीन जन.गण से आयात की पहुंच कीमत	रु./किग्रा	161	162	144	153
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	101	89	95

73. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में क्षति जांच अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। चीन जन.गण. से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम है।

घरेलू उद्योग के आर्थिक मानकों पर प्रभाव

74. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी। नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का

तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा ।तद्नुसार, घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानकों की यहां नीचे चर्चा की गई है।

क क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग

75. उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार है:

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
क्षमता	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	100	75	100
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	26	190	186	248
क्षमता का उपयोग	%	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	26	190	248	248
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1	22	1	1

76. यह देखा जा सकता है:

i. क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता स्थिर रही है ।

ii. क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का उत्पादन और क्षमता उपयोग उच्चतम है।

iii. क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू बिक्री में गिरावट आई है ।

ख. निर्यात निष्पादन

77. निर्यात बिक्री के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार है:

विवरण	इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
कुल बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	26	240	239	319
कुल बिक्री	लाख रुपये	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	32	287	298	397
कुल बिक्री	रु/कि.ग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	126	120	125	125
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1	22	1	1
घरेलू बिक्री	लाख रुपये	***	***	***	***	***

विवरण	इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1	17	1	1
घरेलू बिक्री	रु/कि.ग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	103	75	123	123
निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	89	794	846	1,128
निर्यात बिक्री	लाख रुपये	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	972	1,051	1,402
निर्यात बिक्री	रु/कि.ग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	127	122	124	124
निम्नलिखित के संबंध में निर्यात बिक्री मात्रा						
संपूर्ण बिक्री	%	***	***	***	***	***
	रेंज	25-35%	90-100%	90-100%	90-100%	90-100%
घरेलू बिक्री	%	***	***	***	***	***
	रेंज	35-45%	4035-4045%	1405-1415%	38555-38565%	38555-38565%

78. प्राधिकारी नोट करते है कि

i. क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा की गई अधिकांश बिक्री निर्यात बाजार में है।

ii. क्षति जांच अवधि के दौरान कुल बिक्री में निर्यात बिक्री के भाग में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

iii. घरेलू उद्योग की निर्यात कीमत क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू बिक्री कीमत से अधिक है।

ग. लाभप्रदता

79. घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की बिक्री से घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित लाभ इस प्रकार हैं:

विवरण	इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
बिक्री की लागत (कारखानागत)	रुपये/किग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	107	75	102	102
बिक्री कीमत	रुपये/किग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	103	75	123	123

विवरण	इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
लाभ/(हानि) प्रति इकाई	रुपये/किग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	(100)	300	100	(920)	(920)
लाभ/(हानि) – कुल घरेलू बिक्री	रु. लाख	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	(100)	3	22	(8)	(11)

80. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग को पीयूसी की घरेलू बिक्री पर 2019-20 तक घाटा हो रहा था। हालांकि जांच के दौरान उन्होंने मुनाफा कमाना शुरू कर दिया है।

घ. नकद लाभ

81. नकद लाभ के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच की गई है

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
घरेलू बिक्री पर नकद लाभ	रु. लाख	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	0	2	1	2
घरेलू बिक्री पर नकद लाभ	रुपये/किग्रा	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	51	15	137	137

82. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान नकद लाभ अर्जित कर रहा है ।

ड. निवेश पर आय

83. घरेलू उद्योग की नियोजित पूंजी पर आय इस प्रकार है:

विवरण	इकाई	18-2017	19-2018	20-2019	पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
ब्याज और कर पूर्व कुल लाभ - घरेलू बिक्री	रु. लाख	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	0	1	3	4
आरओसीई	%	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	0.253	(0.88)	1,263	4.28

84. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान नियाजित पूंजी पर सकारात्मक आय अर्जित की है।

च. मालसूची

85. घरेलू उद्योग के पास मालसूची की जांच निम्नानुसार की गई है:

विवरण	**इकाई**	**18-2017**	**19-2018**	**20-2019**	**पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**	**पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**
औसत वस्तुसूची	एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	186	181	46	61

86. यह देखा जा सकता है कि जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की औसत मालसूची में गिरावट आई है ।

छ. उत्पादकता

87. कर्मचारियों की संख्या और साथ ही प्रति कर्मचारी उत्पादकता इस प्रकार है:

विवरण	**इकाई**	**18-2017**	**19-2018**	**20-2019**	**पीओआई (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**	**पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**
कर्मचारी	संख्या	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	83	163	170	170
उत्पादन/दिन	एमटी/दिन	***	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	26	190	248	248

88. यह देखा जा सकता है कि 2019-20 और जांच की अवधि में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है और उत्पादकता में सुधार हुआ है।

ज. वृद्धि

89. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के वृद्धि से संबंधित पैरामीटर के संबंध में जानकारी नीचे दी गई है:

क्रम सं.	**विवरण**	**2018-19**	**2019-20**	**पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)**
1	उत्पादन	(74)%	620%	31%
2	घरेलू बिक्री	(99)%	2476%	(95)%
3	लाभ/(हानि) - रुपये/किग्रा (पीबीटी)	(202)%	(67)%	(1042)%
4	नकद लाभ - रु / किग्रा	(100)%	665%	65%

क्रम सं.	विवरण	2018-19	2019-20	पीओआई (ए) (अप्रैल 2020 - जून 2020 को छोड़कर)
5	आरओआई%	(100)%	248%	437%

90. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग ने उत्पादन, लाभ और आरओआई में सकारात्मक वृद्धि का अनुभव किया है लेकिन घरेलू बिक्री में नकारात्मक वृद्धि का अनुभव किया है।

झ. नए निवेश बढ़ाने की क्षमता

91. एक याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पाटित आयातों से घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और इसलिए पाटित आयातों के विरुद्ध संरक्षण आवश्यक है।

क. क्षति मार्जिन का परिमाण

92. प्राधिकारी ने यथा संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए पीसीएन-वार एनआईपी निर्धारित किया है। विचाराधीन उत्पाद का एनआईपी घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त उत्पादन लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर और जांच अवधि के लिए कार्यरत लेखाकार द्वारा उन्हें विधिवत् रूप से प्रमाणित करके निर्धारित की गई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने पीओआई के दौरान फूड ग्रेड ग्लाइसिन का उत्पादन और बिक्री की है। प्राधिकारी ने फूड ग्रेड ग्लाइसिन के लिए एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। अधिकांश आयात चीन जन.गण. से आ रहे हैं और वे तकनीकी ग्रेड/औद्योगिक ग्रेड ग्लाइसिन के हैं। तद्नुसार, प्राधिकारी ने फूड ग्रेड ग्लासिन के सामान्य मूल्य के लिए बिल्कुल सटीक तुलना हेतु उचित समायोजन किए हैं।

93. एनआईपी का निर्धारण करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान कच्चे माल और उपयोगिताओं के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। असाधारण या अनावर्ती व्यय को उत्पादन लागत में शामिल नहीं किया गया है। पीयूसी के लिए नियोजित औसत पूंजी (अर्थात औसत निवल अचल संपत्ति और औसत कार्यशील पूंजी) पर एक उचित रिटर्न (कर पूर्व @ 22%) को एनआईपी के बराबर होने के लिए पूर्व-कर लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी जैसा कि नियमों के अनुबंध III में निर्धारित है और पालन किया जा रहा है।

94. पहुंच कीमत और ऊपर के रूप में निर्धारित एनआईपी के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा निर्धारित उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन नीचे तालिका में दिया गया है:

क्षति मार्जिन तालिका

निर्माता/ निर्यातक	एनआईपी (रु/कि.ग्रा)	पहुंच मूल्य (रु/कि.ग्रा)	आईएम (रु/कि.ग्रा)	आईएम (अम.डा/कि.ग्रा)	आईएम %	रेंज
हेबेई हुआंहैन बायोलोगिकल टेक्नोलोजी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	***	30-40
गुआंनगन शेंगिन केमिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	***	45-55
अन्य सभी	***	***	***	***	***	80-90

ख. कारणात्मक संबंध और गैर-आरोपण विश्लेषण

95. एडी नियम के अनुसार, प्राधिकारी को अन्य बातों के साथ-साथ पाटित आयातों के अलावा किसी अन्य ज्ञात कारकों की जांच करने की आवश्यकता होती है जो घरेलू उद्योग को हानि पहुंचा रहे हैं या जिससे क्षति होने की संभावना है, जिससे कि इन अन्य कारकों के कारण हुई क्षति को पाटित किए गए आयात के लिए जिम्मेदार न ठहराया जा सके। प्राधिकारी ने जांच की है कि क्या अन्य ज्ञात सूचीबद्ध कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है या होने की संभावना है। इस बात की जांच की गई थी कि क्या पाटनरोधी नियमावली के तहत सूचीबद्ध अन्य कारक घरेलू उद्योग को हुई क्षति में योगदान दे सकते हैं या उनके योगदान करने की संभावना है।

96. सूचीबद्ध ज्ञात कारकों ने क्षति नहीं पहुंचाई है, जैसा कि निम्नलिखित से देखा जा सकता है:

क. तीसरे देश से आयात की मात्रा और कीमत

97. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य देशों से आयात नगण्य हैं ।

ख. मांग में संकुचन

98. क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है ।

ग. खपत के पैटर्न में बदलाव

99. विचाराधीन उत्पाद की खपत के पैटर्न में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

घ. व्यापार संबंधी प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

100. संबद्ध वस्तुओं के आयात किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं हैं और देश में स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हैं।

ड. प्रौद्योगिकी का विकास

101. संबंधित उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

च. निर्यात प्रदर्शन

102. प्राधिकारी ने अपने क्षति विश्लेषण में केवल घरेलू निष्पादन के आंकड़ों पर विचार किया है।प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

छ. क्षति और कारणात्मक संबंध पर निष्कर्ष

103. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. से आयातों की मात्रा में क्षति जांच अवधि के दौरान समग्र रूप से भारी वृद्धि हुई है। देश में मांग की दृष्टि से आयातों में क्षति जांच अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। चीन जन.गण. से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में कटौती कर रही है। आयातों की औसत पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है। संबद्ध आयातों द्वारा डाले गए कीमत दबाव से घरेलू उद्योग के घरेलू निष्पादन पर दबाव पड़ा है जिससे वास्तविक क्षति हुई है। अत:, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

104. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को ऊपर सूचीबद्ध अन्य ज्ञात कारकों से क्षति नहीं हुई है। अत: प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण क्षति हुई है।

ट. हितबद्ध पक्षकारों के प्रकटन विवरण पश्चात अनुरोध

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन विवरण के पश्चात किए गए अनुरोध

105. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन विवरण के पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. प्राधिकारी ने पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड को घरेलू उद्योग के दायरे से बाहर रखकर सही किया है।

ii. चूंकि पारस इंटरमीडिएट्स को संबद्ध वस्तु का अपात्र घरेलू उत्पादक माना गया है, इसलिए वर्तमान जांच इसे समाप्त करने के लिए सही मामला है। घरेलू उद्योग का यह दावा कि उसकी संबंधित कंपनी ने संबद्ध वस्तु की मामूली मात्रा का आयात किया है ताकि वह अपने उपभोक्ताओं को स्थाई रूप से न गंवा दें, गलत है और सूचना को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है जो पाटनरोधी जांच के मूल को प्रभावित करता है।

iii. जांच की शुरुआत पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड और एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त आंकड़ों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में प्राधिकारी के समक्ष प्रथमदृष्टया साक्ष्य के आधार पर ही शुरु की गई थी। यदि पारस इंटरमीडिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में सही तथ्य जांच शुरुआत के समय ज्ञात होते तो कोई पाटनरोधी जांच शुरु नहीं की जाती।

iv. प्राधिकारी से यह पुष्टि करने का अनुरोध है कि परिकलित सामान्य मूल्य और क्षति रहित कीमत केवल एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत उत्पादन लागत संबंधी सूचना पर आधारित है।

v. हेबईहुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड ने भारत को प्राथमिक रूप से तकनीकी ग्रेड पीसीएन का निर्यात किया है। यदि एविड आर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड केवल फार्मा ग्रेड और फूड ग्रेड पीसीएन के उत्पादन और बिक्री में शामिल था तो फार्मा ग्रेड और फूड ग्रेड के लिए प्राधिकारी द्वारा निर्धारित सामान्य मूल्य और एनआईपी को उचित ढंग से समायोजित करना अपेक्षित है। फार्मा ग्रेड और फूड ग्रेड के सामान्य मूल्य और एनआईपी की केवल तुलना और हेबईहुआहेंग बायोलॉजिकल टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड द्वारा निर्यातित संबद्ध वस्तु की निर्यात कीमत और पहुंच मूल्य जिसमें तकनीकी ग्रेड शामिल हैं, की तुलना के परिणाम स्वरूप ही उचित तुलना होगी।

vi घरेलू उद्योग भारत बाजार में मांग से बिल्कुल संबंधित नहीं है। इसके बजाए, घरेलू उद्योग पूरी तरह से संबद्ध वस्तु के निर्यात पर केन्द्रित है।

vii. ऐसा लगता है कि घरेलू उद्योग के पास निर्यात बाजार में उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने के बाद घरेलू बाजार में मांग को पूरा करने के लिए कोई अधिशेष क्षमता नहीं है।

viii. संयुक्त राज्य, कनाडा आदि को निर्यात बिक्रियां घरेलू उद्योग के लिए तब भी अधिक लाभकारी हैं जबकि घरेलू बाजार में कोई आयात प्रतिस्पर्धा न हो क्योंकि यूएस और कनाडा को निर्यात बिक्री कीमत घरेलू बिक्री कीमत से अधिक है। अमरीका, कनाडा आदि को निर्यात कीमत क्षति रहित कीमत से भी अधिक हो सकती है।

